


# मापन की धुन

Conceptualisation,Developed and Design © Katha




## दिशानिर्देश

- प्रत्येक खिलाड़ी को कोई स्थान चिह्नक चुनकर उसे खेलपट्ट के आरंभ बिंदु पर रखना चाहिए।
- खिलाड़ियों को बारी-बारी से पासा फेंकना चाहिए। पासे पर जो अंक आए, खिलाड़ी को उस बारी में उतने खाने आगे बढ़ना चाहिए।
- जैसे ही खिलाड़ी सही खाने पर पहुँचे, उसे प्रश्न पत्रक में वहाँ दिए गए इबारती प्रश्न को हल करना चाहिए।
- आगे बढ़ने के लिए खिलाड़ी को प्रश्न को सही-सही हल करना होगा। यदि खिलाड़ी प्रश्न को हल नहीं कर पा रहा, तो शिक्षिका/माता-पिता प्रश्न हल करने में बच्चे की की सहायता कर सकते हैं।
- जो खिलाड़ी खजाने तक सबसे पहले पहुँचेगा, वही खेल का विजेता होगा!

Conceptualisation, Developed and Design © Katha

# प्रश्न पत्रक

1. किरण के पास एक मीटर लंबा फीते का एक टुकड़ा है। वह इसमें से 30 सेंटीमीटर काटकर निकाल देती है। कितने सेंटीमीटर फीता अब बचा रह गया?

2. हिना को घर से विद्यालय तक पैदल जाने में आधा घंटा लगता है। वह 8:25 बजे विद्यालय पहुँची। वह कितने बजे घर से चली थी?

3. एक केक का भार 560 ग्राम है। यदि केक को 8 बराबर टुकड़ों में काटा जाए, तो एक टुकड़ा लगभग कितना भारी होगा?

4. रानी को एक रेस पूरी करने में डेढ़ मिनट लगे। मीना को वही रेस पूरी करने में 10 सेकंड अधिक समय लगा। मीना को रेस पूरी करने में कितने सेकंड लगे?

5. पनीर के एक टुकड़े का द्रव्यमान 350 ग्राम है। सुनील ने इसमें से थोड़ा-सा हिस्सा काटकर फिर से वजन किया। अब पनीरे के टुकड़े का द्रव्यमान 235 ग्राम आया। सुनील ने पनीर के टुकड़े में से कितना हिस्सा काटकर निकाल दिया था?

6. एक कक्षा के बच्चे यह जानना चाहते हैं कि (उनकी कक्षा के बच्चे) 1 दिन में कितनी चाकलेट खाते हैं। 12 बच्चे 25 ग्राम चाकलेट खाते हैं, 7 बच्चे 35 ग्राम चाकलेट खाते हैं और 9 लोग 50 ग्राम चाकलेट खाते हैं। एक दिन में उन्होंने कितनी ग्राम चाकलेट खाई है?

7. मेघना एक बाल्टी में पानी भरना चाहती है। बाल्टी में 6 लीटर पानी आता है। एक जग में 500 मिलीलीटर पानी आता है। खाली बाल्टी को भरने के लिए मेघना को उसमें कितने जग पानी भरना पड़ेगा?

8. एक बोतल में 1 लीटर शरबत आता है। रूपा ने 5 गिलासों में शरबत भरी। वह हर गिलास में 150 मिलीमीटर शरबत डालती है। बोतल में अब कितना शरबत बचा है?

9. रोनित, कमला और हसन 50 मी की दौड़ लगाते हैं। कमला 13 सेकंड में दौड़ पूरी करती है। रोनित कमला से 5 सेकंड पहले ही दौड़ पूरी कर लेता है। हसन रोनित से 3 सेकंड बाद दौड़ पूरी करता है। हसन ने कितने सेकंड में दौड़ पूरी की?

10. रसभरी फ्लेवर वाली आइसक्रीम बनाने की सामग्री यहाँ लिखी है – (1/2 लीटर आइसक्रीम, 1 किग्रा रसभरी और 250 ग्राम चीनी)। यह सामग्री 8 लोगों के लिए पर्याप्त है। जाह्नवी ने 12 लोगों के लिए रसभरी फ्लेवर वाली आइसक्रीम बनाई। इसके लिए उसे कितनी आइसक्रीम की जरूरत पड़ी?

11. रेहान अपनी मोटरसाइकिल से क्ष2 किलोमीटरद्ध तक गया। उसकी बहन सारा अपनी स्कूटी से क्ष3000 मीटरद्ध तक गई। किसने अधिक दूरी तक गाड़ी चलाई और दूसरे से कितना अधिक (किमी में उत्तर दें)?

Conceptualisation, Developed and Design © Katha